प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 24.03.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- विश्व तपेदिक दिवस पर आज प्रदेशभर में कई जागरूकता गतिविधियां–टीबी मुक्त समाज और ग्राम पंचायतों के लिए हो रहे कई आयोजन।
- राज्य में कोचिंग संस्थानों पर नियंत्रण और जबावदेही तय करने के लिए लाये गये बिल पर आज विधानसभा में होगी चर्चा।
- राजस्थान स्थापना दिवस समारोह की मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ शुरूआत–कल से प्रदेशभर में शुरू होंगे विभिन्न आयोजन।
- प्रदेश में आज सुहागिने कर रही है दशा माता का व्रत–परम्परागत रूप से पीपल की पूजा अर्चना की जा रही है।

00000

आज विश्व तपेदिक दिवस है। टीबी के हानिकारक प्रभाव, सामाजिक और आर्थिक परिणामों के बारे में जागरूकता लाने और वैश्विक स्तर पर इसके उन्मूलन के लिए प्रत्येक वर्ष 24 मार्च को यह दिवस मनाया जाता है। टीबी के बैक्टीरिया की खोज के जनक डॉक्टर रॉबर्ट कोच की जयंती के उपलक्ष्य में तपेदिक दिवस का आयोजन होता है।
इस वर्ष के टीबी दिवस की थीम ''**हां, हम क्षय रोग का खात्मा कर सकते हैः प्रतिबद्धता, निवेश और परिणामी प्रयास**'' रखी गई है।
तपेदिक दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में भी कई जागरूकता गतिविधियां आयोजित हो रही है। लोगों में इस रोग के प्रति सचेत करने के लिए एक सप्ताह से रैली, नुक्कड नाटक और विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। जिला मुख्यालया पर आज भी कई कार्यक्रम रखे गए है। अजमेर में जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों की ओर से जागरूकता रैली निकाली जा रही है। अधीक्षक डॉ. अरविन्द खरे ने बताया कि इस दौरान मेडिकल छात्रों द्वारा नुक्कड नाटक की प्रस्तुति भी दी जायेगी। अलवर में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से पूर्व संध्या पर जिला स्तरीय कार्यक्रम रखा गया। इसमें टीबी मुक्त 231 ग्राम पंचायतों को सराहनीय सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र और गांधी जी की प्रतिमा भेंट की गई। कार्यक्रम में वन और पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा ने आमजन से टीबी मुक्त भारत बनाने में सहयोग करने की अपील की और लोगों से निक्षय मित्र बनकर टीबी के इलाज में सहायता देने का आग्रह किया। इस बीच टीबी को हराने के लिए चलाये जा रहे 100 दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान में लोगों का निक्षय मित्र बनना जारी हैं। इसी कडी में नागौर जिला कलेक्टर अरूण पुरोहित ने भी निक्षय मित्र के तौर पर स्वयं का पंजीकरण करवाया है। वहीं जिला प्रमुख भागीरथ राम, विधायक लक्ष्मण राम, अजय सिंह किलक और रेवंत राम डागा ने भी निक्षय मित्र के तौर पर रजिस्ट्रेशन करवा कर अपनी सेवायें देने की पेशकश की है। जिला कलेक्टर ने लोगों से ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने में सहयोग देने की अपील की है।

0000

राज्य में कोचिंग संस्थानों पर नियंत्रण रखने और इनकी जबावदेही तय करने के लिए लाये गये बिल पर आज विधानसभा में चर्चा होगी। उपमुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा राजस्थान कोचिंग सेन्टर नियंत्रण और विनियमन विधेयक 2025 को सदन में विचारार्थ रखेगें। इसके अलावा सदन के पटल पर राजस्थान में विधियां संशोधन विधेयक 2025 और राजस्थान विधियां निरसन विधेयक 2025 भी विचारार्थ रखा जायेगा। शून्यकाल में तीन ध्यानाकर्षण प्रस्ताव रखे जायेंगे। विधानसभा सचिव भारत भूषण शर्मा की ओर से जारी कार्यसूची के अनुसार सदन में कुछ अधिसूचनाएं भी रखी जा सकती हैं और क्षेत्र विशेष की याचिकाओं का उपस्थापन भी होगा।

0000

राज्य में स्कूलों के पीएमश्री योजना के तहत ऑन लाइन आवेदन की आज आखिरी तारीख हैं। शिक्षा मंत्रालय की ओर से स्कूल का चयन किया जाएगा। राज्य परियोजना निदेशक अनुपमा जोरवाल ने बताया कि आवेदन के बाद राज्य स्तर पर सत्यापन 28 मार्च तक होगा। इसके बाद एक अप्रैल तक अंतिम चयन शिक्षा मंत्रालय की ओर से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य के 5 हजार 221 बैंच मार्क स्कूल पीएमश्री योजना के तहत सातवें चरण में आवेदन के पात्र हैं। गौरतलब है कि ये केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में है। इसका पूरा नाम प्राइम मिनीस्टर स्कूल फॉर राइजिंग इण्डिया है। 2022 में शुरू की गई, इस योजना में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना और कौशल सिखाने के साथ उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना है।

000

सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के वर्गीकरण के लिए टर्नओवर और निवेश कसौटी में महत्वपूर्ण संशोधन अधिसूचित किए हैं। ये संशोधन 1 अप्रैल से प्रभावी होंगे। नये नियमों के तहत अब ढाई करोड़ रूपए तक के निवेश वाले सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को सूक्ष्म उद्यम के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। पहले इनके लिये निवेश सीमा एक करोड़ रूपए थी। इसी प्रकार टर्नओवर सीमा भी पांच करोड़ रूपए से बढ़ाकर दस करोड़ रूपए कर दी गई है। 25 करोड़ रूपए तक के निवेश वाली इकाईयां लघु उद्यम वर्ग में रखी गई हैं। पहले इनके लिए निवेश सीमा दस करोड़ रूपए थी। एक सौ पच्चीस करोड़ रूपए तक के निवेश वाली इकाईयां अब मध्यम उद्यम मानी जाएंगी। वित्त मंत्री निर्मला

सीतारामन ने बजट भाषण के दौरान इन उद्यमों के लिए निवेश और टर्नओवर सीमा क्रमशः ढाई गुना और दोगुना कर नये वर्गीकरण मानदंडों की घोषणा की थी।

00000

राजस्थान स्थापना दिवस समारोह की मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ विधिवत शुरूआत की गई। इस कडी में जयपुर के तीन मंदिरों में कल विशेष प्रार्थना और सांस्कृतिक भजन कार्यक्रम रखे गये। पर्यटन विभाग की ओर से आमेर के श्री जगत शिरोमणि मंदिर में आध्यात्मिक समारोह का आयोजन किया गया। कलाकारों ने मीरा के भजनों की प्रस्तुति दी। इसी तरह काले हनुमान जी मंदिर में कार्यक्रम आयोजित कर प्रसादी वितरित की गई। शहर के श्री बृज निधि मंदिर में आयोजित भजन कार्यक्रम में अतिथियों पर पुष्प वर्षा की गई। गौरतलब है कि राजस्थान दिवस समारोह को भव्य रूप से आयोजित करने तथा आमजन को इससे जोड़ने के लिए आने वाले कुछ दिनों में प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और उप मुख्य मंत्री दीया कुमारी ने इस संबंध में हाल ही अधिकारियों को व्यापक दिशा निर्देश दिए है। 25 से 31 मार्च तक राज्य के अल्प आय वर्ग, युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए कई आयोजन रखे गए है। इस दौरान निवेश उत्सव, सुशासन समारोह और सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जायेगी। कार्यक्रम की शुरूआत कल बाडमेर से होगी, जहां मुख्यमंत्री मातृ वंदन महिला सम्मेलन में शामिल होंगे। अगले दिन 26 मार्च को किसान सम्मेलन होगा। वहीं 27 तारीख को गरीब और अन्त्योदय का मुख्य कार्यक्रम भरतपुर में आयोजित किया जायेगा। 28 मार्च सुशासन समारोह के तहत  मनाई जायेगी। इसका राज्यस्तरीय कार्यक्रम भीलवाडा में होगा। 29 मार्च को युवा और रोजगार उत्सव का आयोजन कोटा में किया जायेगा। राजस्थान दिवस 30 मार्च और निवेश उत्सव 31 मार्च को जयपुर में भव्य समारोह आयोजित किया जायेगा।

00000

दिव्यांग उद्यमियों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से उदयपुर में चल रहे दिव्य कला मेले का  कल सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने अवलोकन किया। इस अवसर पर श्री गहलोत ने दिव्यांगजनों से संवाद किया और उनके उत्पाद खरीद मनोबल बढाया। उन्होंने दिव्यांगजनों के साथ खेल गतिविधियों में भी भाग लिया। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा नेशनल दिव्यांगजन फाइनेंस एण्ड डवलपमेंट कॉर्पोरेशन की ओर से आयोजित इस कला मेले में देश भर से आए दिव्यांगजनों के विभिन्न उत्पादों, कलाकृतियों की स्टाल्स लगाई गई है।

00000

चित्तौडगढ के कनेरा क्षेत्र में पुलिस ने अफीम तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक जीप से 1 क्विंटल से अधिक अफीम जब्त कर तस्कर को गिरफ्तार किया है। हमारे संवाददाता ने पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी के हवाले से बताया कि चित्तौडगढ जिला अफीम उत्पादन में अग्रणी है और यहां कई जगह अनाधिकृत रूप से अफीम निकालने का काम चल रहा हैं, जिसकी रोकथाम के लिए पुलिस और नार्कोटिक्स विभाग लगातार धरपकड कर रहे है।

......

00000

होली से शुरू हुए गणगौर पूजन की कडी में आज महिलाएं दशा माता का व्रत कर रही है। घरों और मंदिरों में सुहागिनें माता की विधिवत पूजा अर्चना कर रही है और भोग लगाकर सुख समृद्धि की कामना कर रही है। डूंगरपुर में परम्परागत रूप से पीपल वृक्ष के नीचे तडके महिलाएं पूजा अर्चना करने पंहुची। पाली में भी अखण्ड सुहाग की कामना को लेकर महिलाओं ने पीपल वृक्ष की पूजा की और परिकमा लगाकर मन्नत का धागा बांधा। इधर भीलवाडा में भी विवाहिताओं ने  दशा माता की कहानी सुनने और व्रत उद्यापन को लेकर उल्लास देखा जा रहा है।

00000